# भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का India Smart Cities Conclave 2023 में सम्बोधन

इंदौर, 27 सितम्बर 2023

**‘India Smart Cities Conclave 2023’** में आप सब के बीच आकर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। मैं आज के सभी पुरस्कार विजेताओं को बहुत-बहुत बधाई देती हूँ।

मुझे खुशी है कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। अब तो इंदौर देश की **smart cities** में भी सबसे ऊपर है। मैं इंदौर के सभी निवासियों, जन-प्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केन्द्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी **stakeholders** की सराहना करती हूँ। उनकी कर्तव्यनिष्ठा के परिणामस्वरूप, प्रदर्शन की विभिन्न श्रेणियों में इंदौर प्रथम स्थान पर है।

**India Smart Cities Awards Contest 2022** में मध्य प्रदेश द्वारा **‘Best State’** का गौरव प्राप्त करने पर, मैं राज्य के सभी निवासियों को, राज्यपाल जी को, मुख्यमंत्री जी को और उनकी पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ। मैं राज्य के सभी **smart cities** में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना करती हूँ। मैं सर्वश्रेष्ठ **Union Territory** का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़, और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान

प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को बधाई देती हूं।

मुझे बताया गया है कि आज अलग-अलग श्रेणियों में **66** पुरस्कार दिए जा रहे हैं। पुरस्कार प्राप्त करने वाले स्मार्ट शहरों और राज्यों को मैं फिर से बहुत बधाई देती हूँ। मैं आवासन और शहरी कार्य मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी जी और उनकी पूरी टीम को भी बहुत बधाई देती हूँ कि आप **Smart Cities Mission** और अन्य पहलों के माध्यम से शहरों के विकास के लिए निरंतर प्रभावी कार्य कर रहे हैं।

देवियो और सज्जनो,

मुझे इस आकलन से अवगत कराया गया है कि वर्ष **2047** तक भारत की शहरी आबादी, लगभग **46** करोड़ से बढ़कर **87** करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे **50** प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की **GDP** में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों का **GDP** को कुल योगदान वर्ष **2047** तक **80** प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का **roadmap** तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है।

एक महत्वपूर्ण मुद्दा जो प्रत्येक विषय पर तथा हर स्तर पर सतत विकास की चर्चा में शामिल है - वह है **Climate Change.** इस संदर्भ में **Climate Smart Cities Assessment Framework,** जो भारत के **100** स्मार्ट शहरों के लिए शुरू किया गया था, वह इस बात का उदाहरण है कि शहरों में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय स्तर पर कैसे कार्य किया जा सकता है। आज शहरों में

**energy efficiency** के लिए **green buildings** तथा **renewable energy** पर जोर दिया जा रहा है लेकिन इन क्षेत्रो में और अधिक व्यापक स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता है।

हमें **Sustainable Development Goals** की दिशा में आगे बढ़ते हुए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है। **SDG 11** का लक्ष्य है - **Make cities and human settlements inclusive, safe, resilient and sustainable.** यह लक्ष्य शहरों के सम्पूर्ण और समावेशी विकास के महत्व को रेखांकित करता है। इस दिशा में हमें अभी बहुत आगे जाना है।

देवियो और सज्जनो,

मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि शहरी विकास में हमारे देश का समग्र निवेश पिछले दशक के दौरान, पहले की तुलना में **10** गुना से भी अधिक हो गया है। **Best practices** को लागू करने और **viable business models** विकसित करने में **Smart Cities Mission** का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है।

अभी कुछ ही दिन पहले भारत ने **G20** शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया है। **Urban 20, G20** का एक **sub-group** था। **Urban 20** ने शहरों के बीच जुड़ाव की एक स्थायी प्रथा स्थापित करने का प्रयास किया। इसके माध्यम से एक सामूहिक संदेश भी दिया गया कि सतत विकास की प्राथमिकता को आगे बढ़ाने में शहरों के प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए विश्व के **best-managed** शहरों की **best practices,** उनके **business models** से हमें सीखना चाहिए और अपने सफल प्रयासों को भी अन्य देशों के साथ साझा करना चाहिए। **Local** और **Global** स्तर पर सहयोग करना समग्र तथा सतत विकास के लिए आवश्यक है।

देवियो और सज्जनो,

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सभी **100** स्मार्ट शहरों में **Integrated Command and Control Centre** संचालित हैं जो **data** का उपयोग करके, उस पर आधारित निर्णय ले रहे हैं। हमारे नागरिकों - खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों - की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। **CCTV surveillance** कैमरे आज कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद कर रहे हैं। लेकिन खास तौर पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और अधिक मजबूत कदम उठाने की जरूरत है। मुझे विश्वास है कि इन **100 smart cities** में किए जा रहे प्रयास हमारे **4800** से अधिक कस्बों और शहरों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होंगे।

हमें पूरे देश में सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ **neighbourhoods** को विकसित करना है। कई **smart cities** में ऐसा किया जा रहा है। इसके लिए आवश्यक है कि लोग खुद जिम्मेदार बनें और अपने शहर तथा निवासियों के प्रति अपने कर्तव्य को समझें। डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां शहरों में हर वर्ष फैलती हैं। इनकी रोकथाम के लिए, लोगों के **proactive participation** और संबंधित विभागों के सहयोग की आवश्यकता है।

इंदौर, सूरत, कोहिमा, श्रीनगर और कई अन्य शहरों ने जन-भागीदारी द्वारा सुव्यवस्थित शहरीकरण के सफल उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। यह प्रसन्नता की बात है कि वाराणसी, गुवाहाटी, अहमदाबाद जैसी **smart cities** में **land reclamation** किया जा रहा है और नदियों के किनारे सार्वजनिक स्थान विकसित किए जा रहे हैं। मैं **river-fronts** विकसित करने और झीलों तथा जल

निकायों को पुनर्जीवित करने के लिए कार्यरत सभी संस्थानों और व्यक्तियों को बधाई देती हूं।

इस **conclave** के विषय को अतिरिक्त विस्तार देते हुए, देशवासियों के हित में यह सुझाव मैं देना चाहती हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षण संस्थान तथा बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। ऐसा करने से शहरों पर दबाव कम होगा और ग्रामीण क्षेत्र की जनता का जीवन भी बेहतर होगा।

मैं इस अवसर पर यहां उपस्थित और देश के विभिन्न शहरों से इस कार्यक्रम के साथ जुड़े **Mayors and Municipal Commissioners** से कुछ बातें कहना चाहती हूं। आप सब लोग अपने शहरों में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। हमारा देश अमृत काल से गुजर रहा है जो देशवासियों के लिए कर्तव्य काल भी है। इस महत्वपूर्ण काल-खंड में आप सब को निरंतर नए विश्वास और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना है। मैं आशा करती हूँ कि इस **conclave** में साझा किए गए सफल प्रयासों की जानकारी का उपयोग आप सब अपने-अपने शहरों में करेंगे। ऐसा करके आप सब इस आयोजन को और अधिक सार्थक बनाएंगे।

आपके प्रयासों तथा उपलब्धियों के लिए मैं पुनः आप सभी की सराहना करती हूं और आप सब के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!